जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**
2266609

**2025**

**कोड : KEZE-01**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं हिन्दी**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30**

**भाग – II : हिन्दी : प्रश्न संख्या 31 से 150**

**समय : 2 घण्टे** | **पूर्णांक : 300**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में → | | | | | | | |

शब्दों में [ ]

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

**अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर** [ ]

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप** दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. **अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में, भाग-I में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**नोट :** ***कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।***

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

1. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Treatise) | | List II (Topics described) |
|---|---|---|
| A. Kalpa-Sutra | i. | Description of Mahavira's deeds |
| B. Bhagwati Sutra | ii. | Code of conduct of Jain monks |
| C. Nikaya | iii. | Early history of Jainism |
| D. Acharanga Sutra | iv. | Compendium of Buddhist doctrines |

**Codes :**

(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

2. Which energy is released from the antennas of mobile towers and mobile handsets ?

(a) Ionising field radiation

(b) Electromagnetic field radiation

(c) Magnetic field radiation

(d) Extreme field radiation

3. Which day is observed as 'World Alzheimer's Day' every year ?

(a) September 23 (b) September 20

(c) September 22 (d) September 21

4. Who was the leader of Kheda Kisan Sangharsh or Kheda Satyagraha of Gujarat ?

(a) Sardar Vallabhbhai Patel

(b) Vitthalbhai Patel

(c) Mahatma Gandhi

(d) Lala Lajpat Rai

1. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (ग्रंथ) | | सूची II (वर्णित विषय) |
|---|---|---|
| A. कल्पसूत्र | i. | महावीर के कृत्यों का विवरण |
| B. भगवती सूत्र | ii. | जैन भिक्षुओं के आचार नियम |
| C. निकाय | iii. | जैन धर्म का प्रारंभिक इतिहास |
| D. आचारांग सूत्र | iv. | बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का संग्रह |

**कूट :**

(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

2. मोबाइल टावरों के एंटेना और मोबाइल हैंडसेट से कौन-सी ऊर्जा निकलती है ?

(a) आयनकारी क्षेत्र विकिरण

(b) विद्युत-चुम्बकीय क्षेत्र विकिरण

(c) चुम्बकीय क्षेत्र विकिरण

(d) चरम क्षेत्र विकिरण

3. प्रति वर्ष किस दिन को 'विश्व अल्ज़ाइमर दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?

(a) 23 सितम्बर (b) 20 सितम्बर

(c) 22 सितम्बर (d) 21 सितम्बर

4. गुजरात के खेड़ा किसान संघर्ष या खेड़ा सत्याग्रह के नेता कौन थे ?

(a) सरदार वल्लभभाई पटेल

(b) विट्ठलभाई पटेल

(c) महात्मा गाँधी

(d) लाला लाजपत राय

5. When white light passes through the prism, the light colours bend differently. Arrange the following colours from the one that bends the least to the one that bends the most :

I. Blue
II. Green
III. Yellow
IV. Orange

Select the correct answer from the codes given below :

(a) IV, II, III, I
(b) I, III, II, IV
(c) I, II, III, IV
(d) IV, III, II, I

6. If the length of the diagonals of a rhombus are 12 cm and 16 cm, then the area of the rhombus will be :

(a) 96 $cm^2$
(b) 192 $cm^2$
(c) 80 $cm^2$
(d) 64 $cm^2$

7. Who laid the foundation of the Portuguese Empire in India ?

(a) Geoffrey Parker
(b) Piri Reis
(c) Francisco de Almeida
(d) Alfonso de Albuquerque

8. By increasing the speed of a car by 10 km/hour, the time of journey for a distance of 72 km is reduced by 36 minutes. The original speed of the car was :

(a) 40 km/hour
(b) 50 km/hour
(c) 30 km/hour
(d) 20 km/hour

5. जब सफेद प्रकाश प्रिज़्म से होकर गुजरता है, तो प्रकाश के रंग अलग-अलग तरह से मुड़ते हैं । निम्नलिखित रंगों को सबसे कम मुड़ने वाले रंग से लेकर सबसे ज्यादा मुड़ने वाले रंग तक व्यवस्थित कीजिए :

I. नीला
II. हरा
III. पीला
IV. नारंगी

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(a) IV, II, III, I
(b) I, III, II, IV
(c) I, II, III, IV
(d) IV, III, II, I

6. यदि एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 12 सेमी और 16 सेमी है, तो समचतुर्भुज का क्षेत्रफल होगा :

(a) 96 सेमी$^2$
(b) 192 सेमी$^2$
(c) 80 सेमी$^2$
(d) 64 सेमी$^2$

7. भारत में पुर्तगाली साम्राज्य की नींव किसने रखी थी ?

(a) जियोफ्री पार्कर
(b) पिरी राइस
(c) फ्रांसिस्को डी अल्मेडा
(d) अल्फोंसो डी अलबुकर्क

8. एक कार की गति 10 किमी/घंटा बढ़ाने से 72 किमी की दूरी की यात्रा का समय 36 मिनट कम हो जाता है । कार की आरंभिक गति थी :

(a) 40 किमी/घंटा
(b) 50 किमी/घंटा
(c) 30 किमी/घंटा
(d) 20 किमी/घंटा

9. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Tribes of India) | | List II (State/Union Territory) |
|---|---|---|
| A. Kinner | i. | Jammu and Kashmir |
| B. Bakarwal | ii. | Mizoram |
| C. Lushai | iii. | Karnataka |
| D. Chenchu | iv. | Himachal Pradesh |

Codes :

(a) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(b) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

10. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | Decade | | Decadal Growth Rate of Population (in percent) |
|---|---|---|---|
| (a) | 1971 – 1981 | – | 24·66 |
| (b) | 1991 – 2001 | – | 21·54 |
| (c) | 2001 – 2011 | – | 19·05 |
| (d) | 1981 – 1991 | – | 23·87 |

11. 'Nile river' does ***not*** flow through which of the following countries ?

(a) Chad
(b) Egypt
(c) Uganda
(d) Sudan

12. Consider the following events and arrange then in chronological order :

I. Garibi Hatao
II. Nationalization of Banks
III. Beginning of the Green Revolution

Select the correct answer from the codes given below :

(a) III, I, II
(b) III, II, I
(c) I, II, III
(d) II, I, III

9. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (भारत की जनजाति) | | सूची II (राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र) |
|---|---|---|
| A. किन्नर | i. | जम्मू और कश्मीर |
| B. बकरवाल | ii. | मिज़ोरम |
| C. लुशाई | iii. | कर्नाटक |
| D. चेंचू | iv. | हिमाचल प्रदेश |

कूट :

(a) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(b) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | दशक | | जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| (a) | 1971 – 1981 | – | 24·66 |
| (b) | 1991 – 2001 | – | 21·54 |
| (c) | 2001 – 2011 | – | 19·05 |
| (d) | 1981 – 1991 | – | 23·87 |

11. 'नील नदी' निम्नलिखित में से किस देश में प्रवाहित ***नहीं*** होती है ?

(a) चाड
(b) मिस्र
(c) युगांडा
(d) सूडान

12. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालानुक्रमिक व्यवस्थित कीजिए :

I. ग़रीबी हटाओ
II. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
III. हरित क्रांति का प्रारंभ

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(a) III, I, II
(b) III, II, I
(c) I, II, III
(d) II, I, III

13. The sky appears blue due to :
(a) Scattering of light
(b) Reflection of light
(c) Refraction of light
(d) Diffraction of light

14. Where was the first Krishi Vigyan Kendra (KVK) sanctioned ?
(a) Pantnagar (b) Puducherry
(c) Hyderabad (d) Ludhiana

15. Which of the following is an artificial ecosystem ?
(a) Fish Tank (b) Lake
(c) Forest (d) Grassland

16. 'Gandhi Sagar Dam' is constructed on which of the following rivers ?
(a) Chambal river (b) Mahi river
(c) Betwa river (d) Hindon river

17. India ranks __________ in the world in milk production.
(a) First (b) Second
(c) Third (d) Fourth

18. Who decides that a particular bill is a 'Money bill' ?
(a) The President of India
(b) The Prime Minister
(c) The Speaker of the Lok Sabha
(d) The Finance Minister

19. In which Article is 'Abolition of Untouchability, mentioned in the Indian Constitution ?
(a) Article 16
(b) Article 17
(c) Article 19
(d) Article 18

13. आकाश किसके कारण नीला दिखाई देता है ?
(a) प्रकाश का प्रकीर्णन
(b) प्रकाश का परावर्तन
(c) प्रकाश का अपवर्तन
(d) प्रकाश का विवर्तन

14. पहला कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कहाँ स्वीकृत किया गया था ?
(a) पंतनगर (b) पुडुचेरी
(c) हैदराबाद (d) लुधियाना

15. निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है ?
(a) मछली का तालाब (b) झील
(c) वन (d) घास का मैदान

16. 'गांधी सागर बाँध' का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर हुआ है ?
(a) चम्बल नदी (b) माही नदी
(c) बेतवा नदी (d) हिंडन नदी

17. दुग्ध उत्पादन में विश्व में, भारत का __________ स्थान है।
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

18. किसी भी विशिष्ट विधेयक के 'धन विधेयक' होने का निर्णय कौन करता है ?
(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) लोक सभा अध्यक्ष
(d) वित्त मंत्री

19. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'अस्पृश्यता के अंत' का उल्लेख है ?
(a) अनुच्छेद 16
(b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 19
(d) अनुच्छेद 18

20. The fractional form of 2·5% is :

(a) $\frac{1}{40}$

(b) $\frac{2}{35}$

(c) $\frac{2}{41}$

(d) $\frac{3}{40}$

21. 'Kalahandi' in Odisha is known for production of which of the following minerals in India ?

(a) Copper (b) Uranium

(c) Bauxite (d) Mica

22. Which one of the following pairs (Stock Exchange and their name) is *not* correctly matched ?

(a) ISE – Interconnected Stock Exchange of India Ltd.

(b) OTCEI – Over-the-Counter Exchange of India

(c) BSE – Base-Stock Exchange of India

(d) NSE – National Stock Exchange of India Ltd.

23. Manure prepared with the help of earthworms is called :

(a) Vermicompost

(b) Farm yard manure

(c) Compost

(d) Green manure

24. Which State hosted the seventh edition of the Khelo India Youth Games ?

(a) Uttarakhand (b) Bihar

(c) Maharashtra (d) Gujarat

20. 2·5% का भिन्नात्मक रूप है :

(a) $\frac{1}{40}$

(b) $\frac{2}{35}$

(c) $\frac{2}{41}$

(d) $\frac{3}{40}$

21. भारत में ओडिशा में 'कालाहांडी' निम्नलिखित में से किस खनिज के उत्पादन के लिए जाना जाता है ?

(a) ताँबा (b) यूरेनियम

(c) बॉक्साइट (d) अभ्रक

22. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (स्टॉक एक्सचेंज और उनके नाम) सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) आईएसई – इंटरकनेक्टेड स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड

(b) ओटीसीईआई – ओवर-द-काउण्टर एक्सचेंज ऑफ इंडिया

(c) बीएसई – बेस-स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया

(d) एनएसई – नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड

23. केंचुओं की मदद से तैयार खाद को कहा जाता है :

(a) वर्मीकम्पोस्ट

(b) फार्म यार्ड खाद

(c) कम्पोस्ट

(d) हरी खाद

24. किस राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सातवें संस्करण की मेज़बानी की थी ?

(a) उत्तराखंड (b) बिहार

(c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

2266609

**25.** The optical phenomena, twinkling of stars, is due to :

(a) Atmospheric refraction
(b) Total reflection
(c) Atmospheric reflection
(d) Total refraction

**26.** The Chairman and the members of the Union Finance Commission are appointed by the :

(a) Prime Minister of India
(b) Speaker of the Lok Sabha
(c) President of India
(d) Union Finance Minister

**27.** Which Mughal Emperor engraved his figure on his coins for the first time ?

(a) Jahangir (b) Akbar
(c) Aurangzeb (d) Shah Jahan

**28.** Recently, which country has been officially declared Malaria-free by the World Health Organization in 2025 ?

(a) India (b) Nigeria
(c) Pakistan (d) Suriname

**29.** Whom does the President of India appoint under Article 76 of the Indian Constitution ?

(a) Judges of High Courts
(b) Chief Election Commissioner of India
(c) Attorney General of India
(d) Governor

**30.** When was the 113th International Labour Conference organized in Geneva ?

(a) 2 – 13 June, 2025
(b) 16 – 17 January, 2025
(c) 2 – 13 June, 2024
(d) None of the above

**25.** प्रकाशीय घटना, तारों का टिमटिमाना किसके कारण होता है ?

(a) वायुमंडलीय अपवर्तन
(b) पूर्ण परावर्तन
(c) वायुमंडलीय परावर्तन
(d) पूर्ण अपवर्तन

**26.** संघीय वित्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति की जाती है :

(a) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा
(b) लोक सभा अध्यक्ष द्वारा
(c) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(d) केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा

**27.** किस मुगल सम्राट ने सर्वप्रथम अपने सिक्कों पर अपनी आकृति खुदवाई थी ?

(a) जहाँगीर (b) अकबर
(c) औरंगज़ेब (d) शाहजहाँ

**28.** हाल ही में किस देश को 2025 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आधिकारिक तौर पर मलेरिया-मुक्त घोषित किया गया है ?

(a) भारत (b) नाइजीरिया
(c) पाकिस्तान (d) सूरीनाम

**29.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति किसकी नियुक्ति करते हैं ?

(a) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(b) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त
(c) भारत के महान्यायवादी
(d) राज्यपाल

**30.** 113वाँ अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन जेनेवा में कब आयोजित किया गया था ?

(a) 2 – 13 जून 2025
(b) 16 – 17 जनवरी 2025
(c) 2 – 13 जून 2024
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. 'अधोमुख' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का चयन कीजिए :
   (a) अध
   (b) अधः
   (c) अधो
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. अधोलिखित में से उदय प्रकाश का कहानी संग्रह ***नहीं*** है :
   (a) मोहनदास
   (b) पीली छतरी वाली लड़की
   (c) और अंत में प्रार्थना
   (d) कोसी का घटवार

33. 'अतिथि देवो भव' — कहानी-संग्रह के लेखक हैं :
   (a) चित्रा मुद्गल
   (b) मधु कांकरिया
   (c) रमेश उपाध्याय
   (d) अब्दुल बिस्मिल्लाह

34. सोरठा को किस छन्द का उल्टा कहा जाता है ?
   (a) चौपाई
   (b) छप्पय
   (c) सवैया
   (d) दोहा

35. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (वाक्यांश के लिए एक शब्द) सुमेलित ***नहीं*** है ?
   (a) प्रत्युत्पन्नमति – जो सही समय पर तुरंत किसी बात या युक्ति को सोच नहीं पाए
   (b) पार्थिव – मिट्टी का बना हुआ
   (c) बहुश्रुत – जिसने अनेक विषयों का ज्ञान सुन रखा हो
   (d) निर्निमेष – बिना पलक झपकाए

36. प्रबन्धकाव्य 'हम्मीररासो' के रचयिता हैं :
   (a) गुमान मिश्र
   (b) द्विजदेव
   (c) सूदन
   (d) जोधराज

37. 'जो अत्यंत कष्ट से निवारित किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या है ?
   (a) सुगम
   (b) सुलभ
   (c) दुर्निवार
   (d) सहज

38. 'वर्तनी' की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :
   (a) आध्यात्मिक
   (b) शरीरिक
   (c) निस्छल
   (d) तनिश्क

39. 'एक अज्ञात भारतीय की आत्मकथा' का पहला प्रकाशन कब हुआ ?
   (a) सन् 1951 ई.
   (b) सन् 1970 ई.
   (c) सन् 1940 ई.
   (d) सन् 1960 ई.

40. 'मुदित महीपति मंदिर आए' काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
   (a) श्लेष
   (b) अनुप्रास
   (c) प्रतीप
   (d) वक्रोक्ति

41. 'शेरशाह का न्याय' के कहानीकार हैं :
   (a) जैनेन्द्र
   (b) सुदर्शन
   (c) इलाचन्द्र जोशी
   (d) वृन्दावनलाल वर्मा

42. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | कौरवी | i. | पूर्वी हिन्दी |
| B. | मालवी | ii. | बिहारी |
| C. | बघेली | iii. | पश्चिमी हिन्दी |
| D. | भोजपुरी | iv. | राजस्थानी |

   **कूट :**
   (a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
   (b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
   (c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
   (d) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

43. 'कादंबरी' का काव्यरूप है :
   (a) महाकाव्य
   (b) रूपक
   (c) गद्यकथा
   (d) चंपू

44. निम्नलिखित में से मैथिलीशरण गुप्त की रचना ***नहीं*** है :
(a) भारत भारती (b) साकेत
(c) जय भारत (d) पथिक

45. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और प्रत्यय की दृष्टि से सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) पर्वतीय – अनीय (b) उल्लेखनीय – अनीय
(c) अर्पणीय – अनीय (d) अंकनीय – अनीय

46. 'ज्ञानबोध' नामक कृति के रचयिता हैं :
(a) रैदास (b) सुंदरदास
(c) धर्मदास (d) मलूकदास

47. 'कवि कुलगुरु' किस रचनाकार को कहा जाता है ?
(a) वाल्मीकि (b) कालिदास
(c) महर्षि व्यास (d) माघ

48. 'तत्सम' उपन्यास की रचनाकार हैं :
(a) मालती जोशी
(b) चन्द्रकान्ता
(c) मृदुला गर्ग
(d) राजी सेठ

49. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (रचनाकार) | | सूची II (रचनाएँ) |
|---|---|---|
| A. | केदारनाथ सिंह | i. रामचन्द्रिका |
| B. | केशवदास | ii. भूरी-भूरी खाक धूल |
| C. | गजानन माधव मुक्तिबोध | iii. जमीन पक रही है |
| D. | गिरिजा कुमार माथुर | iv. धूप के धान |

कूट :
(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(b) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(d) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

50. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और उसके लिंग की दृष्टि से सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) वायु – स्त्रीलिंग (b) ऋतु – स्त्रीलिंग
(c) रेणु – स्त्रीलिंग (d) निबंध – स्त्रीलिंग

51. "प्रेममार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जबाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ" – घनानन्द के विषय में यह कथन किसका है ?
(a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(d) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

52. कुँवर नारायण का काव्य संग्रह है :
(a) उत्सवा (b) हाशिए का गवाह
(c) धूप के धान (d) मछलीघर

53. निम्नांकित उद्धरण में छंद का निर्देश कीजिए :
"जो मित्र मेरा दुख जानता है।
जो कष्ट में आ सुख बाँटता है।।
साथी उसी को दिल मानता है।
लाखों जनों में पहचानता है।।"
(a) इंद्रवज्रा (b) द्रुत विलंबित
(c) वंशस्थ (d) उपेन्द्रवज्रा

54. "संतन को कहा सीकरी सों काम।
आवत जात पन्हैयाँ टूटीं बिसरि गयौ हरिनाम।"
उक्त पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(a) नंददास
(b) परमानन्ददास
(c) कुंभनदास
(d) सूरदास

55. निम्नलिखित में सुमेलित युग्म ***नहीं*** है :
(a) अद्भुत रस – उत्साह (b) रौद्र रस – क्रोध
(c) वीभत्स रस – जुगुप्सा (d) करुण रस – शोक

56. "काव्य, आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है, जिसका सम्बन्ध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है।"– यह किसका कथन है ?
(a) डॉ. श्यामसुन्दर दास
(b) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(d) जयशंकर प्रसाद

57. 'दशकुमारचरित' के रचयिता हैं :
(a) दण्डी (b) वामन
(c) भामह (d) मम्मट

58. किसने कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' कहा है ?
(a) आचार्य श्यामसुंदर दास ने
(b) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(c) डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने
(d) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

59. 'गवाक्ष:' शब्द का संधि-विच्छेद है :
(a) गवा + अक्ष:
(b) गव + अक्ष:
(c) गे + अक्ष:
(d) गो + अक्ष:

60. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।
**अभिकथन (A) :** कर्म का चिह्न 'को' है।
**कारण (R) :** कर्म कारक के प्रयोग की दो स्थितियाँ – अप्रत्यय और सप्रत्यय होती हैं।
नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं
(b) (A) सही है, किंतु (R) ग़लत है
(c) (A) ग़लत है, किंतु (R) सही है
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं

61. 'रामचरितमानस विमल, संतन जीवनप्रान।
हिन्दुआन को वेद सम यवनहिं प्रकट कुरान॥'
रामचरितमानस की प्रशंसा करते हुए यह दोहा किसने लिखा है ?
(a) रहीम (b) भिखारीदास
(c) नाभादास (d) नागरीदास

62. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और उसके वचन की दृष्टि से सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) मुनि – बहुवचन (b) दर्शन – बहुवचन
(c) ओठ – बहुवचन (d) आँसू – बहुवचन

63. हिंदी की किस कहानी को नामवर सिंह ने 'नई कहानी धारा की पहली कहानी' के रूप में स्थापित किया था ?
(a) एक और ज़िंदगी
(b) परिंदे
(c) ज़िंदगी और जोंक
(d) गैंग्रीन

64. 'मेरी आत्मा कहानी' शीर्षक से किन दो साहित्यकारों ने आत्मकथा लिखी है ?
(a) यशपाल जैन तथा बनारसीदास जैन
(b) बाबू श्यामसुन्दर दास तथा राहुल सांकृत्यायन
(c) आचार्य चतुरसेन शास्त्री तथा बाबू श्यामसुन्दर दास
(d) राहुल सांकृत्यायन तथा चतुरसेन शास्त्री

65. मुक्तिबोध ने 'संवेदनात्मक ज्ञान एवं ज्ञानात्मक संवेदन' – इस सूत्रवाक्य का प्रयोग किस काव्य धारा के संदर्भ में किया है ?
(a) नई कविता (b) प्रयोगवाद
(c) प्रगतिवाद (d) छायावाद

66. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और उसके विलोम की दृष्टि से सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) स्तुति – निन्दा (b) सृजन – नाश
(c) सृष्टि – प्रलय (d) सुसाध्य – दुर्लभ

67. 'बरवै रामायण' की रचना तुलसीदास ने किसके आग्रह पर की थी ?
(a) केशवदास
(b) रहीम
(c) मीरा
(d) सूरदास

68. कर्ता के 'ने' चिह्न का प्रयोग किस काल में *नहीं* होता ?
(a) संदिग्ध भूत (b) पूर्ण भूत
(c) सामान्य भूत (d) अपूर्ण भूत

69. अधोलिखित में से किस वाक्य का संस्कृत अनुवाद *ग़लत* है ?

| | वाक्य | अनुवाद |
|---|---|---|
| (a) | दशरथ अयोध्या के राजा थे। | – दशरथः अयोध्यायाः राजा आसीत्। |
| (b) | वृक्ष से फल गिरा। | – वृक्षात् फलम् अपतत् |
| (c) | गाँव के चारों ओर बाग है। | – ग्रामं परितः उद्यानम् सन्ति। |
| (d) | निर्धन की सहायता करो। | – निर्धनस्य सहायतां कुरु। |

70. 'कुल्ली भाट' किस चर्चित लेखक की जीवनी है ?
(a) महादेवी वर्मा
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत
(d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

71. किस रीतिकालीन कवि ने 'सतसई' की रचना *नहीं* की है ?
(a) रसनिधि (b) मतिराम
(c) रसलीन (d) भूपति

72. नाभादास के 'भक्तमाल' में प्रस्तुत छप्पय "चंद्रहास अग्रज सुहृद परम प्रेम पथ में पगे" – किसके संदर्भ में है ?
(a) कृष्णदास (b) नन्ददास
(c) कुम्भनदास (d) सूरदास

73. हिंदी निबंध का आरंभ किस शती में हआ है ?
(a) अठारहवीं शती (b) उन्नीसवीं शती
(c) इक्कीसवीं शती (d) बीसवीं शती

74. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

| | (रचनाएँ) | | (रचनाकार) |
|---|---|---|---|
| A. | हर्षचरितम् | i. | कालिदास |
| B. | ऋतुसंहार | ii. | माघ |
| C. | शिशुपालवधम् | iii. | बाणभट्ट |
| D. | नैषधीयचरितम् | iv. | श्रीहर्ष |

**कूट :**
(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(b) A-iv, B-i, C-iii, D-ii
(c) A-iii, B-i, C-ii, D-iv
(d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

75. 'कार्तिकेय' के जन्म से संबंधित रचना का नाम है :
(a) विक्रमोर्वशीयम्
(b) कुमारसम्भवम्
(c) रघुवंशम्
(d) ऋतुसंहारम्

76. 'मरुभूमि का वह मेघ' में किसकी जीवनगाथा वर्णित है ?
(a) काज़ी नज़रुल इस्लाम (b) घनश्याम दास बिड़ला
(c) महात्मा गाँधी (d) कविराज गोपीनाथ

77. अधोलिखित में से 'मुद्राराक्षस' द्वारा लिखित नाटक *नहीं* है :
(a) योर्स फेथफुली (b) यमगाथा
(c) प्रथम प्रस्तुति (d) तिलचट्टा

78. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' के लेखक हैं :
(a) हरिवंश राय 'बच्चन' (b) केदारनाथ सिंह
(c) जयशंकर प्रसाद (d) नरेन्द्र शर्मा

22666609

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म वाक्य और कारक चिह्न प्रयोग की दृष्टि से सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) शीला ने सावित्री को जी भर कोसा – कर्मकारक

(b) उसने लड़के को मिठाइयाँ दीं – कर्मकारक

(c) पिता ने पुत्र को पुकारा – कर्मकारक

(d) मैंने हरि को बुलाया – कर्मकारक

**80.** "यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।" उपर्युक्त कथन किस निबंधकार का है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल

(b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(c) प्रताप नारायण मिश्र

(d) बालकृष्ण भट्ट

**81.** मुहावरे और उसके अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) ईद का चाँद होना – बहुत दिनों बाद दिखाई देना

(b) आव देखा न ताव – बिना कारण

(c) ईंट से ईंट बजाना – असंभव कार्य करना

(d) आड़े हाथों लेना – बातों से लज्जित कर देना

**82.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | भारतेन्दु हरिश्चंद्र | i. | गौ संकट |
| B. | प्रताप नारायण मिश्र | ii. | श्री चन्द्रावली |
| C. | बालकृष्ण भट्ट | iii. | भारत सौभाग्य |
| D. | बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' | iv. | चंद्रसेन |

**कूट :**

(a) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(b) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

**83.** 'ऐ लड़की' कहानी की लेखिका हैं :

(a) ममता कालिया

(b) सूर्यबाला

(c) कृष्णा सोबती

(d) उषा किरण खान

**84.** रोला छंद है :

(a) अर्द्धसममात्रिक (b) सममात्रिक

(c) विषम मात्रिक संयुक्त (d) विषम मात्रिक

**85.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I (रचनाकार)** | | **सूची II (रचनाएँ)** |
|---|---|---|---|
| A. | अमृत राय | i. | काला मुँह |
| B. | गोविन्द चातक | ii. | अंधा युग |
| C. | धर्मवीर भारती | iii. | खण्डित यात्राएँ |
| D. | नरेश मेहता | iv. | हमलोग |

**कूट :**

(a) A-ii, B-iv, C-iii, D-i

(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(c) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(d) A-iv, B-i, C-ii, D-iii

**86.** 'सोया हुआ जल' शीर्षक उपन्यास के लेखक हैं :

(a) मोहन राकेश (b) धर्मवीर भारती

(c) मनोहर श्याम जोशी (d) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**87.** 'चंद्रकांता' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(a) 1884 ई. (b) 1881 ई.

(c) 1887 ई. (d) 1888 ई.

**88.** निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है :

(a) आम (b) नाम

(c) काम (d) नीम

**89.** 'नयी समीक्षा के प्रतिमान' किसकी कृति है ?

(a) लक्ष्मीकांत वर्मा (b) नामवर सिंह

(c) नगेन्द्र (d) निर्मला जैन

**90.** रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि घनानन्द से संबंधित ***ग़लत*** तथ्य को चिह्नित कीजिए :

(a) घनानन्द दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह रँगीले के मीर मुंशी थे।

(b) घनानन्द निम्बार्क सम्प्रदाय में दीक्षित थे।

(c) घनानन्द ने लक्षणग्रन्थों के आधार पर अपने काव्य का सम्पूर्ण ताना-बाना बुना था।

(d) रामचन्द्र शुक्ल ने घनानन्द को 'प्रेम की पीर' का कवि कहा है।

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) लाभ की इच्छा – लिप्सा

(b) खाने की इच्छा – बुभुक्षा

(c) जीतने की इच्छा – जिज्ञासा

(d) जो मोक्ष चाहता हो – मुमुक्षु

**92.** निम्नलिखित में से 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है :

(a) द्यौ (b) व्योम

(c) अंबक (d) अभ्र

**93.** 'राजपुरुषः' का समास विग्रह संस्कृत में है :

(a) राजायाः पुरुषः (b) राज्ञः पुरुषः

(c) राजः पुरुषः (d) राजस्य पुरुषः

**94.** रौद्र रस का स्थायी भाव है :

(a) क्रोध

(b) भय

(c) उत्साह

(d) विस्मय

**95.** उत्तर प्रदेश सरकार ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में 'देवनागरी लिपि सुधार समिति' का गठन कब किया था ?

(a) 1948 ई. में (b) 1951 ई. में

(c) 1947 ई. में (d) 1949 ई. में

**96.** नन्ददास द्वारा लिखित 'रासपंचाध्यायी' किस छंद में लिखी गई है ?

(a) सवैया (b) रोला

(c) दोहा (d) बरवै

**97.** दोहा और रोला छन्द मिलाने से कौन-सा छन्द बनता है ?

(a) छप्पय (b) हरिगीतिका

(c) उल्लाला (d) कुण्डलिया

**98.** प्रत्यय की दृष्टि से निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. 'पठनीय' शब्द में ईय प्रत्यय है।

II. 'कथनीय' शब्द में ईय प्रत्यय है।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल I (b) न तो I, न ही II

(c) I एवं II दोनों (d) केवल II

**99.** सन् 1935 में गठित 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक थे :

(a) काका कालेलकर (b) डॉ. श्यामसुंदर दास

(c) आचार्य नरेन्द्र देव (d) श्रीनिवास

**100.** रस-निष्पति के सिद्धांत में 'मुक्तिवाद' का प्रकरण किस आचार्य ने दिया है ?

(a) आचार्य शंकुक

(b) भट्टनायक

(c) अभिनवगुप्त

(d) विश्वनाथ

**101.** निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध पुल्लिंग से ***नहीं*** है ?

(a) पुखराज (b) तमाल

(c) सरोवर (d) दाल

2266609

102. देवनागरी लिपि की विशेषता ***नहीं*** है :
(a) देवनागरी लिपि में कुछ ध्वनियों का उच्चारण नहीं होता है।
(b) देवनागरी लिपि में एक ध्वनि के लिए एक लिपि चिह्न है तथा विलोमतः एक लिपि चिह्न के लिए एक ध्वनि है।
(c) वर्णमाला की वैज्ञानिक व्यवस्था है।
(d) देवनागरी लिपि में संयुक्त व्यंजनों की एक व्यवस्थित पद्धति है।

103. संत सुंदरदास के गुरु का नाम है :
(a) दादू दयाल
(b) संत रैदास
(c) गुरु नानक
(d) परमानंद दास

104. 'किरातार्जुनीयम्' के संदर्भ में ***असत्य*** है :
(a) संस्कृत के 'वृहत्त्रयी' महाकाव्यों में इसे स्थान प्राप्त है।
(b) इसका प्रारंभ 'श्री' शब्द से तथा प्रत्येक सर्ग के अंतिम श्लोक में 'लक्ष्मी' का प्रयोग मिलता है।
(c) इसमें अर्जुन का युद्ध किरातवेशधारी कुमार कार्तिकेय से हुआ था।
(d) यह एक प्रसिद्ध महाकाव्य है।

105. हिंदी में 'गमला' किस भाषा से आगत शब्द है ?
(a) तुर्की
(b) पुर्तगाली
(c) अरबी
(d) फ़ारसी

106. देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषा है :
(a) पंजाबी
(b) मणिपुरी
(c) गुजराती
(d) मराठी

107. वीभत्स रस का स्थायी भाव है :
(a) क्रोध
(b) जुगुप्सा
(c) भय
(d) विस्मय

108. सुनीति कुमार चटर्जी ने 'खड़ी बोली' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है ?
(a) मानक हिंदी
(b) वर्नाक्यूलर हिंदुस्तानी
(c) ठेठ हिंदी
(d) जनपदीय हिंदुस्तानी

109. निम्नलिखित में से पूर्वी हिन्दी के कवि ***नहीं*** हैं :
(a) भूषण
(b) मंझन
(c) तुलसीदास
(d) मानदास

110. 'विजय प्रशस्ति' के रचनाकार का नाम है :
(a) भवभूति
(b) श्रीहर्ष
(c) दण्डी
(d) बाणभट्ट

111. 'मनुष्य से बड़ा है – केवल उसका अपना विश्वास और स्वयं उसका ही रचा हुआ विधान।' – यह पंक्ति किस रचना से ली गई है ?
(a) गोदान
(b) मैला आँचल
(c) बाणभट्ट की आत्मकथा
(d) दिव्या

112. काव्य में जब कोई शब्द व्याकरण के नियमों के विरुद्ध प्रयुक्त होकर भाषा के संस्कार व लालित्य के ह्रास का कारण बनता है, तब काव्य में किस दोष की उपस्थिति मानी जाती है ?
(a) च्युत संस्कृति दोष
(b) अक्रमत्व दोष
(c) दुष्क्रमत्व दोष
(d) ग्राम्यत्व दोष

113. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादन का दायित्व किस वर्ष लिया था ?
(a) 1903 ई.
(b) 1905 ई.
(c) 1907 ई.
(d) 1900 ई.

114. 'आवारा मसीहा' किस साहित्यकार की औपन्यासिक जीवनी है ?
(a) बंकिम चन्द्र
(b) विष्णु प्रभाकर
(c) शरत चन्द्र
(d) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

2266609

115. 'कौरवी' कहा जाता है :
(a) ब्रजभाषा को (b) खड़ी बोली को
(c) कन्नौजी को (d) अवधी भाषा को

116. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग किस प्रांत में हुआ था ?
(a) मध्य प्रदेश
(b) पंजाब
(c) गुजरात
(d) उत्तर प्रदेश

117. देवनागरी लिपि का उद्भव किस लिपि से हुआ है ?
(a) ब्राह्मी लिपि (b) कैथी लिपि
(c) रोमन लिपि (d) चित्र लिपि

118. "पांव महावर दैन कौं नाइन बैठी आइ।
फिरि फिरि जानि महावरी, एड़ी मीड़ति जाइ ।।"
उपर्युक्त दोहे में अलंकार है :
(a) अतिशयोक्ति (b) यमक
(c) संदेह (d) भ्रांतिमान

119. 'कबीरा खड़ा बाज़ार में' किसकी रचना है ?
(a) काशीनाथ सिंह (b) मोहन राकेश
(c) लक्ष्मी नारायण लाल (d) भीष्म साहनी

120. "बीती विभावरी जाग री।
अंबर पनघट में डुबो रही
ताराघट– ऊषा– नागरी"
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(a) श्लेष (b) रूपक
(c) उपमा (d) भ्रान्तिमान

121. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशी भाषा का ***नहीं*** है ?
(a) गिलास (b) गिलट
(c) चाँद (d) चिमनी

122. 'तार सप्तक' में संग्रहीत कवियों के विषय में सही ***नहीं*** है :
(a) वैचारिक स्वातंत्र्य (b) प्रयोगधर्मिता
(c) वैचारिक साम्य (d) नयी राहों का अन्वेषण

123. 'ह' व्यंजन क्या है ?
(a) दंत्य (b) स्पर्श
(c) ऊष्म (d) अंत:स्थ

124. 'एक और द्रोणाचार्य' के लेखक हैं :
(a) शंकर शेष (b) स्वदेश दीपक
(c) मोहन राकेश (d) असगर वज़ाहत

125. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक हैं :
(a) शिवसिंह सेंगर (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) रघुवीर सहाय (d) राम विलास शर्मा

126. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (रचनाकार) | | सूची II (रचनाएँ) | |
|---|---|---|---|
| A. | घनानन्द | i. | पृथ्वीराज रासो |
| B. | चंदबरदाई | ii. | सुजान सागर |
| C. | त्रिलोचन | iii. | अरघान |
| D. | जयशंकर प्रसाद | iv. | प्रेमपथिक |

कूट :
(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(b) A-i, B-ii, C-iv, D-iii
(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(d) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

127. खड़ी बोली में रचित प्रथम महाकाव्य का नाम है :
(a) वैदेही वनवास
(b) प्रियप्रवास
(c) करुणा कादम्बिनी
(d) साकेत

128. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** स्थापना-काव्य के दोषों की संस्कृत में व्यापक चर्चा की गई है। भामह ने सदोष रचना को साक्षात् मृत्यु माना हैं।

**कारण (R) :** तर्क-दोष मुख्यतः (शब्द दोष, अर्थ दोष और रस दोष) तीन प्रकार के होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (R) सही है, किंतु (A) ग़लत है

(b) (A) सही है, किंतु (R) ग़लत है

(c) (A) और (R) दोनों सही हैं

(d) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं

129. 'डायरी के नीरस पृष्ठ' के लेखक हैं :

(a) जैनेन्द्र कुमार　(b) शान्तिप्रिय द्विवेदी

(c) इलाचन्द्र जोशी　(d) यशपाल

130. 'मगर एक आवाज़' किस कवि की कृति है ?

(a) मंगलेश डबराल

(b) लीलाधर जगूड़ी

(c) लीलाधर मंडलोई

(d) अरुण कमल

131. 'स्व + ईरम्' का शुद्ध सन्धिरूप है :

(a) स्वईरम्　(b) स्वीरम्

(c) स्वैरम　(d) स्वेरम्

132. 'उत्तररामचरितम्' में कितने सर्ग हैं ?

(a) चार　(b) पाँच

(c) छ:　(d) सात

133. 'अँगूठी का नगीना' के रचनाकार का नाम है :

(a) बालकृष्ण भट्ट　(b) देवकीनन्दन खत्री

(c) महावीर प्रसाद द्विवेदी　(d) किशोरीलाल गोस्वामी

134. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** कबीर की रचनाओं में सिद्धांत का प्राधान्य है, काव्य का नहीं। उनमें हमें साहित्य का सौन्दर्य नहीं मिलता, हमें मिलता है, एक संदेश।

**कारण (R) :** कबीर की रचनाओं में संदेश नहीं है पर काव्य सौन्दर्य बहुत अधिक है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) (A) ग़लत है, किंतु (R) सही है।

(d) (A) सही है, किंतु (R) ग़लत है।

135. 'प्रेम वाटिका' किसकी रचना है ?

(a) रसिकदास

(b) रसखान

(c) मीराबाई

(d) रहीम

136. 'यति – यती' शब्द युग्म के अर्थभेद का सही विकल्प है :

(a) यत्न – विधवा　(b) विराम – संन्यासी

(c) प्रयत्नशील – अनाथ　(d) कामी – जितेन्द्रिय

137. 'लघु' का विलोम शब्द ***नहीं*** है :

(a) गुरु

(b) दीर्घ

(c) कुरूप

(d) महत्

138. निम्नलिखित में से स्थायी भाव एवं रस का सुमेलित युग्म है :

(a) जुगुप्सा – वीभत्स　(b) शोक – रौद्र

(c) उत्साह – हास्य　(d) विस्मय – श्रृंगार

139. विलोम शब्द की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित *नहीं* है ?

(a) निर्मूल – समूल (b) दुर्मुख – सुमुख
(c) सदय – निर्दय (d) शुष्क – नीरस

140. निम्नलिखित विकल्पों में से एक का संबंध 'रेखाचित्र' से *नहीं* है :

(a) व्यक्ति के जीवन पर आधारित होने के कारण इसे जीवन चरित भी माना गया है।
(b) कहानी से मिलता-जुलता स्वरूप है।
(c) व्यक्ति, वस्तु या घटना का पूर्ण चित्र नहीं है।
(d) किसी व्यक्ति, वस्तु, घटना या भाव का सजीव अंकन है।

141. 'करियै उपाय बाँस डारियै कटाय
नहिं उपजैगो बाँस नाहीं बाजै फेरि बाँसुरी' – इस काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :

(a) रसखान
(b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(c) नन्ददास
(d) मतिराम

142. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और पर्याय की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) अवनी – पृथ्वी (b) धैर्य – तोष
(c) नश्वर – नित्य (d) निगम – समिति

143. 'चाय' किस भाषा का शब्द है ?

(a) चीनी (b) अरबी
(c) जर्मनी (d) अंग्रेज़ी

144. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में *नहीं* है ?

(a) नेपाली (b) कश्मीरी
(c) ब्रज (d) तमिल

145. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ हजारी प्रसाद द्विवेदी का *नहीं* है ?

(a) हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास
(b) हिंदी साहित्य की भूमिका
(c) हिंदी साहित्य का आदिकाल
(d) हिंदी साहित्य का अतीत

146. 'धोखा' किसका निबन्ध है ?

(a) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (b) लाला श्रीनिवास दास
(c) राधाचरण गोस्वामी (d) प्रताप नारायण मिश्र

147. "मानव अथवा प्रकृति के सूक्ष्म किन्तु व्यक्त सौन्दर्य में आध्यात्मिक छाया का मान मेरे विचार से छायावाद की सर्वमान्य व्याख्या हो सकती है।" यह कथन है :

(a) मुकुटधर पाण्डेय का (b) डॉ. नगेंद्र का
(c) नंददुलारे वाजपेयी का (d) जयशंकर प्रसाद का

148. 'ध्रुवस्वामिनी' के नाटककार का नाम बताइए :

(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

149. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास यशपाल का *नहीं* है ?

(a) अप्सरा का शाप
(b) अमिता
(c) देशद्रोही
(d) जहाज का पंछी

150. 'वह ब्राह्मणों को धन देता है।' वाक्य का संस्कृत में अनुवाद है :

(a) स: ब्राह्मणेभ्य: धनं ददाति।
(b) स: ब्राह्मणाय धनं ददाति।
(c) स: ब्राह्मणान धनं ददाति।
(d) स: ब्राह्मणेभ्य: धनं अददात।

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**
2266609

# 2025

**CODE : KEZE-01**

## SUBJECT : General Studies and Hindi

| | | |
|---|---|---|
| **Part – I** | **: General Studies** | **: Q. Nos. 1 to 30** |
| **Part – II** | **: Hindi** | **: Q. Nos. 31 to 150** |

**Time : 2 Hours** | **Max. Marks : 300**

Write your Roll Number in the box — In numbers → ; In words

To mark Answer use **Black Ball-point Pen** only.

Candidate must read all the instructions carefully before writing the answers on the OMR Answer-Sheet.

**Signature of Invigilator**

You are to mark all your answers on the **OMR Answer-Sheet only**. After the examination is over, hand over the **OMR Answer-Sheet to the Invigilator** and receive Candidate's copy (Blue) from the invigilator.

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer **all** questions. **All** questions carry equal marks. OMR Answer-Sheet and Question Booklet which carry same Bar Code Serial Number, are kept together inside a sealed transparent polythene packet.
2. **Immediately after opening the transparent sealed polythene packet, again check that the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same and all the pages are printed properly. If the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is not same or there is any other discrepancy in it, return it to the Invigilator and get another sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.**
3. **Only after ensuring that the printed Bar Code Serial Number of the Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same,** candidate has to indicate the correct Roll Number, Subject and Subject Code on the OMR Answer-Sheet at the specified place, otherwise the OMR Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
4. Do not write anything on the cover page of the Question Booklet except Roll Number. Use the space for rough work given in the last two pages of the Question Booklet.
5. **This Question Booklet contains 150 questions.** Each question has **four (4)** options which are given below the question. Only one option is correct out of the four. You are required to darken the circle corresponding to the alternative which you consider to be the correct or most appropriate answer in the OMR Answer-Sheet by **Black Ball-point Pen.**
6. In this Question Booklet, all questions of Part-I are printed in both English and Hindi languages. In case of any ambiguity in the bilingual (English/Hindi) question, the English version of the question shall prevail.
7. **Penalty for wrong answers :**

   **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OMR ANSWER-SHEET.**

   (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

   (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer**, even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

   (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

   ***Note :*** ***Please check that the Bar Code Serial Number printed on the Question Booklet and the OMR Answer-Sheet is same, in case of any discrepancy in it, get it changed with another set of sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.***

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है।**